कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक डी इन्द्रावती भवन
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

क्रमांक / 133 / यु.कै.यो. / 2017–18 / 172   नया रायपुर, दिनांक 6 / 04 / 2017

प्रति,

कलेक्टर
जिला ....छ.ग.

विषय :– **युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देने हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन।**

––000––

जैसा कि आपको विदित है कि विभाग के महत्वाकंशी योजना युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत निम्नाकिंत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है :–

(1) दिल्ली स्थिति कोचिंग संस्थानों में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी।

(2) रायपुर एवं भिलाई स्थिति कोचिंग संस्थाओं से संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी।

(3) रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, कवर्धा, नारायणपुर में बैकिंग , रेल्वे, एस.एस.सी., व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी।

उक्त प्रशिक्षण के संबंध विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदार करने हेतु निम्नाकिंत तिथियों पर मार्गदर्शन शिविर आयोजित कराया जाना है :–

क्र	जिला का नाम जहां मार्गदर्शन शिविर आयोजित होगा	शामिल जिले	मार्गदर्शन शिविर की तिथि एवं समय	विभाग द्वारा अनुबंधित कोचिंग संस्था का नाम जो मार्गदर्शन देगें
01	दुर्ग	दुर्ग, बालोद	17.04.2017	वनवासी विकास समिति भिलाई फोन न. 09754602100
02	राजनांदगांव	राजनांदगांव	18.04.2017	
03	कवर्धा	कवर्धा ,बेमेतरा	19.04.2017	
04	अंबिकापुर	कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, अंबिकापुर	11.04.2017	चौखम्बा सोसाइटी रायपुर फोन न. 08319893671, 07869774813
05	जशपुर	रायगढ़, जशपुर	12.04.2017	
06	कांकेर	धमतरी, कांकेर	17.04.2017	
07	नारायणपुर	कोण्डागांव, नारायणपुर	18.04.2017	
08	जगदलपुर	जगदलपुर	19.04.2017	
09	दंतेवाड़ा	बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा	20.04.2017	
10	रायपुर	बालोदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर	22.04.2017	

11	बिलासपुर	मुंगेली, बिलासपुर	17.04.2017	सचदेवा इंटरनेशनल कॉलेज बिलासपुर फोन न. 09302444465
12	कोरबा	जंजगीर–चांपा, कोरबा	18.04.2017	

अतः कृपया इस मार्ग दर्शन शिविर में जिले में पदस्थ युवा प्रशासनिक अधिकारियों को भी मार्ग दर्शन प्रदान करने हेतु निर्देशित करेगें। कोचिंग संस्था एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास द्वारा विभागीय कैरियर निर्माण संबंधी योजनाओं की जानकारी देगें। इस शिविर में आडियो–विडियो प्रेजेन्टेशन की भी व्यवस्था करने हेतु निर्देश प्राप्त करेंगे।

6-4-17

(ईमिल लकड़ा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ.क्र./133/यु.कै.यो./2016–17//173 नया रायपुर, दिनांक 6/04/2017

प्रतिलिपिः–

1. समस्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला..........................को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने जिले के अभ्यर्थियों को मार्ग दर्शन केन्द्र के जिले में उपस्थित होकर लाभ लेने हेतु सामाचार पत्र के माध्यम से तथा सार्वजनिक स्थलो, स्कूल कॉलेज में बैनर लगा कर प्रचार–प्रसार कराये। शिविर में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों का पंजीयन भी कराया जाये। मार्ग दर्शन स्थल पर शुद्ध पेयजल एवं पुस्तक मेला आदि की भी व्यवस्था की जायें।
2. अपर संचालक, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर/बिलासपुर/जगदलपुर को निर्देशित किया जाता है कि तत्काल समाचार पत्रों में विज्ञप्ति में प्रकाशित कराये एवं मार्गदर्शन शिविर में उपस्थित होवें।
3. संचालक मेसर्स .... को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित जिले के सहायक आयुक्त से दूरभाष पर संपर्क कर निश्चित तिथि एवं समय पर मार्गदर्शन शिविर के उपस्थित होकर दायित्वों को पूर्ण करें एवं पालन प्रतिवेदन भेजें।

6-4-17

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, रायपुर